nt>

Title: Need for proper maintenance of Pani-Koeli-Rajamunda National Highway in Orissa.

श्री अनन्त नायक (क्योंझर) : अध्यक्ष महोदय, पानी कोईली-राजामुण्डा मार्ग जो तीन सौ अड़तालीस किलोमीटर लम्बा है, उड़ीसा राज्य का एक प्रमुख मार्ग है। इसके आर्थिक महत्व को देखते हुए इसे राट्रीय राजमार्ग घोाित किया गया है। लेकिन न तो केन्द्रीय मार्ग एवं न राजमार्ग विभाग और न ही राज्य लोक निर्माण विभाग इसके विकास और अनुरक्षण में कोई समुचित रुचि ले रहे हैं।

यह नव-निर्मित राजमार्ग उड़ीसा के प्रमुख जिलों जैसे केंउझट और सुन्दरगड के खनिज सम्पदा बहुल क्षेत्रों से गुजरता है और लौह आयस्क, मैगनीज और अनेक अन्य खनिजों को गतंव्य तक ढोने के लिए हजारों ट्रक इस सड़क पर चलते हैं। इसके अतिरिक्त यात्रियों के लिए बसें और बड़ी संख्या में निजी वाहन भी इस सड़क पर चलते हैं। इस प्रकार यह सड़क केंउझट और सुन्दरगड के लोगों की जीवन रेखा की तरह है। यह सड़,क उड़ीसा के बड़े वाणिज्यिक शहर कटक और इस्पात शहर राउरकेला के बीच एक सीधा सम्पर्क मार्ग है। इसलिए इस सड़क का विकास करना पूर्णतः उचित है। अब यह एक राट्रीय राजमार्ग है। इसकी वर्तमान स्थिति अच्छी नही है और बिल्कुल जर्जर स्थिति में होने के कारण एक छोर से दूसरे छोर में जाने में काफी ज्यादा समय लग जाता है।

इसे ध्यान में रखते हुए मैं केन्द्रीय सरकार से पुरजोर निवेदन करता हूं कि इस नव-निर्मित पानी कोईली-राजामुण्डा मार्ग का अविलम्ब ि वकास किया जाये।